*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

# हिंदी विश्वविद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

## एम.ए., एम.फिल. पीएच.डी. के लिए 23 मई तक कर सकेंगे आवेदन

वर्धा दि. 18 मई 2015 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में आवेदन प्राप्त करने तथा जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 23 मई 2015 कर दी गई है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र के अनुसार वर्तमानकाल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रासंगिक क्षेत्रों में उच्च अध्ययन और शोध के लिए सतत प्रयास कर रहा है। विश्वविद्यालय आधुनिक तकनीकी सुविधाओं, छात्रावास व्यवस्था, पुस्तकालय, वाई-फाई आदि से सुसज्जित है। मीडिया और वैश्विकरण के युग में आए परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में कम्प्यूटर, विदेशी भाषा, जनसंचार, साहित्य, अनुवाद, फिल्म तथा थिएटर, स्त्री अध्ययन, मनोविज्ञान, मानवविज्ञान, समाजकार्य, मास्टर इन पब्लिक हेल्थ, बी. एड., एम.कॉम., बी. ए. तथा एमबीए आदि पाठ्यक्रम पढाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के इलाहाबाद और कोलकाता केंद्र पर भी विभिन्न अनुशासनों के पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। वहीं दलित तथा जनजाति अध्ययन, डायस्पोरा, विकास एवं शांति, फॉरेंसिक साइंस, योग और स्वास्थ्य अध्ययन, डीसीए, एनजीओ प्रबंधन, विज्ञापन एवं जनसंपर्क तथा बौद्ध अध्ययन आदि महत्वपूर्ण विषयों पर हिंदी माध्यम से पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं।



विश्वविद्यालय में एम.ए., एम.फिल. और पीएच.डी के साथ विभिन्न विषयों में पी.जी. डिप्लोमा, डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, मराठी, उर्दू, संस्कृत, स्पेनिश, जापानी, चीनी, अंग्रेजी और फ्रेंच आदि भाषाओं में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं एडवांस्ड डिप्लोमा में पढ़ाई होती है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदक 23 मई तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए ऑनलाईन भी आवेदन किए जा सकते है, जो विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.hindivishwa.org पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए अकादमिक विभाग से 07152-251661 पर संपर्क किया जा सकता है।

## हिंदी विद्यापीठात अर्ज करण्याची शेवटची तारीख वाढविली

**एम.ए., एम.फिल. पीएच.डी. करिता 23 मे पर्यंत अर्ज करता येतील**

वर्धा दि. 18 मे 2015 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठात विभिन्न अभ्यासक्रमांमध्ये अर्ज करण्याची शेवटची तारीख 23 मे 2015 करण्यात आली आहे. विद्यापीठाने या वर्षी काही नवीन अभ्यासक्रम आरंभ केले आहे.

प्रसारमाध्यमांचा विस्तार आणि जागतिकीकरणामुळे आलेले परिवर्तन लक्षात घेता विद्यापीठाने संगणक, विदेशी भाषा, जनसंवाद आणि पत्रकारिता, चित्रपट, नाटक, मास्टर इन पब्लिक हेल्थ, बी. एड., मनोविज्ञान, मानवविज्ञान, योग आणि आरोग्य अध्ययन, एनजीओ व्यवस्थापन, जाहिरात आणि जनसंपर्क, बी.ए., बी. कॉम. डीसीए या विषयांमध्येही विविध अभ्यासक्रम सुरू केले आहेत. सामाजिक शास्त्रे या विषयामध्ये दलित आणि आदिवासी अध्ययन, महिला अध्ययन, फॉरेंसिक सायंस या विषयांतही अभ्यासक्रम हाती घेतले आहे. भारतीय आणि विदेशी भाषांमध्ये मराठी, उर्दू, संस्कृत, स्पेनिश, जापानी, चीनी, इंग्रजी आणि फ्रेंच या भाषांमध्ये भारतीय आणि विदेशी विद्यार्थ्यांना शिकण्याची सोय उपलब्ध करून दिली आहे. विदेशातील विद्यार्थ्यांचा विद्यापीठाकडे वाढता कल लक्षात घेत त्यांच्याकरिता हिंदी शिक्षणाचे वेगवेगळया कालावधीचे अभ्यासक्रम सुरू केले आहेत. विद्यापीठाच्या www.hindivishwa.org या वेबसाईट वरून ऑनलाईन अर्ज भरता येतील. विद्यापीठाकडे मुला-मुलींकरिता अद्ययावत सोयी-सुविधांयुक्त वसतीगृहे असून विद्यापीठाचा संपूर्ण परिसर वाय-फाय करण्यात आला आहे. विद्यार्थी परिपूर्ण संगणक साक्षर व्हावा यासाठी अभ्यासक्रमासोबत संगणकाचा अभ्यासक्रम अनिवार्यपणे शिकविला जातो. यासाठी विद्यापीठाने सुसज्जित संगणक प्रयोगशाळा बांधली आहे. व्यवसाय मार्गदर्शन, रोजगार आणि प्लेसमेंट सेलच्या माध्यमातून विद्यार्थ्यांना त्वरीत रोजगार मिळावा यासाठी एक कार्यदळ स्थापन करण्यात आले आहे. महाराष्ट्र शासनाने विद्यापीठाला राष्ट्रीय सेवा योजनेचे युनिट दिले असून त्या माध्यमातून विविध सामाजिक आणि शासकीय कार्यक्रम तथा उपक्रम राबविले जातात. विद्यापीठाकडून विद्यार्थ्यांना विनामूल्य आरोग्यसेवा देण्यात येते. प्रवेश आणि विद्यापीठाकडून देण्यात येणा-या इतर सोयी-सुविधासांठी 07152-251661 या क्रमांकावर संपर्क करावा आणि राज्यातील विद्यार्थ्यांनी येथील विविध रोजगाराभिमुख अभ्यासक्रमांचा लाभ घ्यावा असे आवाहन विद्यापीठाने केले आहे.